उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 108/09/कम्प्यू0अनु0(बारह)/2019/02-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 26 अक्टूबर, 2019

आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के **विज्ञापन संख्या:- 02-परीक्षा/2019, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019** के अंतर्गत विज्ञापित पदों पर चयन हेतु दिनांक 24-10-2019 को सम्पन्न लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र देखने से सम्बन्धित आयोग की सूचना **संख्या-106/09/कम्प्यू.अनु.-(बारह)/2019/02-परीक्षा/2019,** दिनांक-24-10-2019 का संदर्भ ग्रहण करें।

प्रश्नगत विज्ञापन से संबन्धित दिनांक 24-10-2019 को आयोजित लिखित परीक्षा की प्रश्न पुस्तिकाओं की आठों सीरीज AA, AB, AC, AD, AE, AF, AG तथा AH से संबन्धित उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर दिये गये प्रश्नपत्र से संबन्धित लिंक पर उपलब्ध है।

उपर्युक्त के क्रम में प्रश्नगत परीक्षा से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नपत्र से संबन्धित लिंक पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर तथा जन्म तिथि भरकर लॉगिन (Login) करके उत्तर कुंजी देख सकते हैं। यदि उत्तर कुंजी पर कोई आपत्ति है तो Objection Tab पर जाकर अपनी आपत्ति अभिलेखीय साक्ष्य सहित ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से यथा- डाक/प्रत्यावेदन द्वारा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में दी गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि 02-11-2019 है। उक्त तिथि के बाद यह लिंक स्वतः हट जाएगा एवं आपत्ति दर्ज करने की सुविधा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।